[Mr. Speaker]

tral Government for the financial year 1967-68, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

**Mr. Speaker** The House will consider the Bill clause by clause tomorrow. Let us now take up the half-an-hour discussion.

---

17.28 hrs.

## LOSS IN HINDUSTAN STEEL LIMITED*

**Shri Surendranath Dwivedy** (Kendrapara): Mr. Speaker, Sir, it is very unfortunate that due to lack of time this important Ministry could not be discussed in this House. What I propose to discuss is only a limited aspect of the Steel Ministry.

In the beginning I want to say that because of the bureaucracy, nepotism, mismanagement and favouritism that is prevalent in our steel factories the public sector industries are getting a bad name—not that there is anything wrong in our public sector industries. Add to this, I must also—you will excuse me if I refer to that—register my protest about the way the present steel Minister started his work. He was imported to this Ministry from Andhra and probably it takes time for him to forget his past surroundings. I want to tell him that when he visited Rourkela—it was his first visit—the first act of his was to lay the foundation for the Andhra Bhavan which created the bitterest communal feelings in that area, and today there is such a tension existing among the employees that they feel as if in Rourkela unless you are a South Indian or a Bengali you have no place. Be that as it may, I would just like to refer to the reply that he made to the question about the losses incurred by Hindustan Steel. I know that when you, Sir, were the Minister in charge, some efforts were made to find out what are the real reasons for the increase in cost of production and what steps can be taken to reduce that.

First of all, let me point out that the Minister in his reply has tried to show that the Hindustan Steel as a whole is now making profits. He said that whatever losses were incurred were at the initial period and that there were so many other factors involved in it. I want to ask him whether it is not a fact that it was estimated that after depreciation in 1964-65 they would earn a profit of about Rs. 11 crores. But what is it that they have earned? In 1964-65, according to their own reports, the profits earned are only Rs. 2.1 crores. Again, next year it is only Rs. 1.66 crores. In 1966-67 have they earned any profit? Are there not heavy losses? This can be borne out from the very fact that according to the Pande Committee Report in Durgapur alone the loss is to the tune of Rs. 13 crores. I do not know, but I think I am correct in assuming, that whatever profit Bhilai and Rourkela would earn would not make up this deficit.

We have dumped Rs. 960 crores into the steel establishments. What are the real reasons for the steel factories not coming up to expectations as regards earnings? The Minister cannot take shelter by saying that the Mahatab Committee was the only committee that found out the defects. There have been recommendations made by the Committee on Public Undertakings. Right from the year 1965, that Committee has submitted as many as five reports in this regard wherein that Committee has pointed out the main defects. I have the whole

---

*Half-an-hour Discussion.

list with me, but because of the shortage of time I would not like to go into that. But, so far as the important aspects of the question is concerned, either there is no reply from the Ministry to the Committee or no action has been taken. Here I want to point out two important factors.

Take the case of inventory. You will find that the inventory including finished goods is at the present moment to the tune of Rs. 121 crores, equal to 8 months cost of sales. Take spares. It has been pointed out many a time not only by the Committee on Public Undertakings but also the Estimates Committee that the spares which they have at the present moment is worth about Rs. 74 crores, whereas the annual requirement is only Rs. 30 crores, which means that they have a surplus for consumption for two and a half years. Again, if you look to the coal washeries and other investments, where the capital cost is much and yet utilisation and production on much below expectation, it goes on increasing. Therefore, all these aspects which have been pointed out so many times have not been taken into account by the Government, nor any serious effort made to reduce or eliminate them.

Coming to the Mahatab Committee, it has made as many as 45 suggestions. The Minister chose to state the other day that some of the recommendations are being implemented and the results would be known later. I want to know specifically which are the recommendations which are already accepted by government and which are the recommendations which are not accepted by government. In this connection, instead of going into every detail, I want to pin-point one particular matter, and that is about coal supply or coal purchase policy. It has been pointed out by everybody, by whoever has gone into this question, whether technicians, experts or committees, that so far as supply of coal to Hindustan Steel is concerned, it pays more than the price for that particular grade of coal. The high ash content in the coal results in lower blast furnace output and consequently higher cost of production. This has been pointed out several times.

What are the real defects at the present moment? The Hindustan Steel is today the largest coal purchaser. They purchase 2,20,000 tonnes for its two coal washeries. If you compare the rate paid by the Superintendent of Coal Washeries with the market rate for E to H categories, grade III A, you will find that the loss would be about Rs. 15 lakhs per month. They pay Rs. 26.99 per tonne whereas the market rate is much lower.

So far as raw coking coal is concerned, the Hindustan Steel purchases 1,20,000 tonnes of raw coking coal. There also, it has been pointed out several times, there is heavy loss and it merrily goes on. The Managing Director of Indian Iron and Steel in a statement says that the coal purchased in 1951 had 20 per cent of ash content but now it is between 25 per cent and 30 per cent. As a result of this you know what is happening. As I pointed out, the more the ash content it means the higher the cost.

Where do they get that and how do they get that? They get it from private collieries and, I think, some from the NCDC. How the purchase is made has been very elaborately described in this committee's report. They have said that the joint sampling of coal is done at the destination. There are as many as 144 collieries from which they purchase this coal.

17.38 hrs.

[SHRIMATI LAKSHMIKANTHAMMA *in the Chair*]

There are actually about 180 loading sidings. When this is done at the destination, you can well realise that we do not have the staff to do this.

[Shri Surendra Nath Dwivedy]

It is impossible for any business concern or commercial undertaking to appoint so much staff to scrutinise this at the coal-head. As a result of this the grade that we get is much lower and we pay higher rates. This has been pointed out not only by this committee but also by the Public Undertakings Committee. We must have some method to scrutinise this, they have suggested, by supplies either at the colliery or at the destination and there must be a statutory obligation. This has been felt by everybody and it has been pointed out specifically. I would like to know from him whether the statutory obligation has been imposed. It has not been done.

I would like to know from the Minister whether the private collieries from whom they get these supplies have the capacity to produce that much and whether the seams that are there still in operation can really supply the grade of coal for which contracts have been entered into with them. You will actually find that these collieries have very negligible deposits of grades E to H and yet orders are being placed with these collieries by the Superintendent of Coal Washeries. I would like him even now—I think, he should have taken steps much earlier—to examine the working plans of these collieries who are the suppliers to Hindustan Steel. It will be found that neither they have the capacity nor they have the proper machinery. These collieries supply a very low quality of coal and that is okayed by the Coal Purchasing Officer or the Coal Controller. There is a lot of corruption. There is some sort of a private arrangement between the Purchasing Department of the Hindustan Steel and the suppliers of coal.

I know there is a dearth of coking coal in the country. But that will be a lame excuse. If on account of that, we go on purchasing from private collieries, we would be doing it at the cost of the country, at the cost of the consumer, and the cost of getting a bad name for the public sector industries which we want to expand. The private collieries are not in a position to produce that quality of coal. I would like to know from the Minister why this has been continuing so far. No efforts have been taken to minimise these things.

Apart from this, so far as loss on account of supply of inferior raw materials is concerned, it was admitted before us, when we visited some of the steel factories, not by any Manager, by the Chairman of the Hindustan Steel himself that coal and iron ore account for more than 90 per cent of the total loss. I would like to know what steps are being taken to improve the position and whether any disciplinary action has been taken against persons who are responsible for this loss which has been pointed out several times by many people in this country.

I would also like to know from him what steps are being taken to improve the low utilisation of plant and machinery and what steps are being made to work the fertiliser plant, and the coal washeries to the full capacity. Unless Government comes forward with a comprehensive statement, that they are going to take firm steps, at least steps that have been suggested by different committees, to reduce the cost of production of steel, I will say, if they do not do that, they will be accused of sabotaging the very public sector for which they say so much.

**श्री रणधीर सिंह :** (रोहतक) पहले भी हाफ़ श्रोवर डिस्कशन में दुर्गापुर की बाबत यह सवाल श्राया था । हिन्दुस्तान स्टील एक परैंट बौडी है श्रौर एक तरीके से स्टील प्रोडक्शन के लिहाज से देश की यह नाक है । मैं समझता यह हूं कि बजाय इसके कि श्ररबों श्रौर करोड़ों रुपया इस पर मुनाफ़ा होता हमें बड़ी शर्म महसूस होती है कि

हम घाटे की तरफ जा रहे हैं। देश सोशलिज्म की तरफ कदम बढ़ाना चाहता है लेकिन जो बड़े बड़े इदारे, सनअती इदारे जिस में यह भी एक है, इन में खसारे से हमें दो, चार होना पड़ता है। खसारा हमें नजर आता है। उस से सारे मल्क की सोशलिज्म में और यह जो सनअती इदारा है, कौमी मिलिकियत में बनाने वाले हैं उस में हमारा कौनफिडेंस शेक हो जाता है। मैं मंत्री महोदय से यह पूछना चाहता हूं कि यह इतनी बड़ी जिम्मेदारी देश की हम ने सम्भाली है, अब अव्वल तो इस में खसारा क्यों होता है और अगर खसरा करना ही है तो कितने साल तक और यह चलेगा? मैं उन को सुझाव भी दूंगा और साथ साथ पूछूंगा कि क्या वह यह करने के लिए तैयार हैं कि अगर यह उन के बस का रोग नहीं है, गवर्नमेंट मशीनरी में, मैनेजमैंट के जो अफसर हैं या मुलाजमीन हैं अगर वह दक्ष और होशियार नहीं हैं तो बिड़ला, टाटा व डालमिया आदि के वहां जो आजमूदा आदमी काम करते हैं उस साइड के मुलाजमीन को अपने वहां डैपुटेशन पर लेलें और इधर इस में खसारे के बजाय फायदा करके दिखायें, जैसे भी हो किसी तरीके से इन में मुनाफ़ा करके हम दिखला सकें ताकि हमारी दूसरी जो बड़ी बड़ी इंडस्ट्रीज हैं उन को भी हम टेक ओवर कर सकें। हमारे मिनिस्टर एक नौजवान व्यक्ति हैं जिनमें कि काम करने का उत्साह व तड़प है और मैं चाहूंगा कि यह खसारे वाली बात के लिए 1-2 साल की हद रक्खें और इस को देखें कि उस मुद्दत के बाद यह खसारा पबलिक सैक्टर की इंडस्ट्रीज में हरगिज नहीं होना चाहिए। देश को इस साइड से ज्यादा से ज्यादा मुनाफा मिलना चाहिए और क्या मंत्री जी इस के लिए एक हाई पावर कमेटी पालियामैंट के मैम्बरों की या कोई एक ऐसपर्ट्स की कमेटी बनाने को तैयार हैं जो इस चीज में गहराई से जाकर जांच पड़ताल करे और यह देखे कि इस में आखिर क्या वजह है, कौन सी बीमारी है जिसकी कि वजह से यह खसारा होता है और इस घाटे को कैसे रोका जाय? क्या मंत्री महोदय इस तजवीज पर गौर करने के वास्ते तैयार होंगे?

**Shri S. S. Kothari** (Mandsaur): I should like to draw the attention of the Minister to certain aspects of Hindustan Steel and would like to know the reason why they have not been performing these things properly. The performance is poor particularly with regard to two or three matters, to which I would draw the attention of the Minister.

Firstly, there is considerable accumulation of obsolescent stores. What is happening is that the Manager and other staff do not want to separate out those obsolescent stores because if they did so, their losses would rise higher. This is an important thing which has to be looked into. This is also connected with lack of inventory control.

Secondly, I should like to point out that the labour and the staff do not have sufficient incentives to maximise production. This is a feature which, if I may point out, is common practically to all industrial undertakings. We have visited a number of undertakings as members of the Public Undertakings Committee and we find that in most of the undertakings they do not have, as I said, incentives to maximise production. It is here that the Minister must direct his attention.

The last point that I would like to make because of shortage of time is with regard to the quality of raw material and the coke that is received by these undertakings. In the case of the Durgapur Steel Plant, it was even reported in the commercial undertakings report that the coke received was just estimated and it was not even weighed because weigh-bridges had not been received for a number of years. This continued and the result was that there was some collusion between the suppliers of coke and the

[Shri S. S. Kothari]

Plant Purchasing Department, and the concern incurred losses. Besides, the quality received is not properly checked and there is no control on that.

**Mr. Chairman:** He may ask the question.

**Shri S. S. Kothari:** I am asking the question. I am raising a very important point because it concerns the vitality of the public sector undertakings, particularly this important undertaking.

With regard to labour, I have just two more points. Considerable overtime is being paid. The labour in the Durgapur Steel Plant particularly is accustomed not to.. (*Interruptions*) labour or work very hard or sufficiently hard during working hours and then they try to make up with the arrears of work by working overtime or working outside office hours, and the overtime allowance is going up higher and higher continuously. This is a fact. The figures are there and can be looked into by the Minister.

Then, excessive amenities have been given to workers and that is because the amenities are shared from top to bottom, from the General Manager to the inferior staff, as small as the third category or the forth category staff, and there is no check, no control, whatsoever. This particular item is particularly applicable to Durgapur Steel Plant.

Keeping in view all these things, I would like to ask the Minister whether he would look into all these points that I have made out and ensure, firstly, that the obsolescent stores are separated out....

**Mr. Chairman:** He need not repeat all those points.

**Shri S. S. Kothari:** I am not repeating.

Particularly with regard to raw materials, he should ensure that control is established. The most important point is that he should see that the bonus paid to the labour and staff is linked to productivity and the levels of production attained.

**Shri Shrichand Goel** (Chandigarh): Considering that the Durgapur plant is one of the very important public sector undertakings, which has cost us more than Rs. 200 crores out of which the foreign exchange component was to the tune of more than Rs. 100 crores, and considering that the loss has been very huge and various committees have been appointed and even the Pande Committee has made as many as 82 recommendations, I want to know whether a periodical review of what has been done to implement those recommendations has been made and if so, what the result of that periodical review is and what it indicates. I also want to know what has been done in regard to the important suggestion to improve the skill and ability of the employees and also to have a better employee attitude and industrial relations. I would like to know what has been done in that direction because much of the success of the project depends upon better industrial labour relations and better employee attitude and on the improvement of the skill and ability of the employees.

**Shri N. K. Somani** (Nagaur): Is this not a sad spectacle that we have in this country that in a single monolithic structure an investment, or I do not know whether it is a misinvestment, of over Rs. 960 crores yields after a number of years a net profit of Rs. 1·66 crores? I would like to ask whether this country is no affluent and whether we have got so much of resources that we can afford to fritter them away or whether we can afford to give up the profits that would otherwise have accured if this money could have been diverted into more productive ventures. Otherwise, I do not know how it is defensible that with a plant which does not belong to the 19th century as some of our other plants may be, with a plant that is not

uneconomic because it has been bought of the annual size between a million and 2 millions, a plant that has been bought in the fifties and sixties, which must be one of the most modern and efficient and self-supporting plants in the world, we cannot face world competition in the matter of exports and why we cannot have sound market forecasting whereby we can sell our steel produced from our own steel factories. There are several reasons for this which have been gone into not only by the Pande Committee but by the Hare Krushna Mahtab Committee and they have also been gone into by enlightened and studied public opinion in this country. I, for one, therefore, cannot belive that the cost of production in our steel factories cannot go down. We shall have to change our attitude towards this. A country like Japan which is situated thousands of miles away and which buys Indian iron ore is able to dump its steel in the world market I do not know why we cannot compete with Japan which buys iron ore from us and then dumps it in the world market. We would like to know what specific steps Government are going to take and how much time is the hon. Minister going to take to set these maters right which are absolutely being neglected because of mismanagement and other things.

**Shri D. N. Patodia** (Jalore): The subject is so important and the charges against these plants are so grave that possibly the matter should have been discussed for one full day. But on account of the shortage of time I would only confine myself to one particular point.

The whole of this inefficiency is perhaps due to the very wrong conception of public sector undertakings. These undertakings are based on political considerations, without any consideration of inputs and outputs in economic terms and without keeping any profit ratio in relation to the capital inputs in the particular industry.

In reply to a question originally, the hon. Minister accepted that in respect of steel projects they are overstaffed. It reminds me of Parkinson's theory which says that with each additional staff, the expenses do not add, they multiply. With each additional staff, we need more living quarters, more office space, more services, more assistance. That is why we find that in the Durgapur Steel Project alone, staff quarters have been built at a colossal cost of Rs. 17 crores.

May I, therefore, know from the hon. Minister how and in what effective manner he proposes to take steps by which this overstaffing in these public sector undertakings is reduced and expenses suitably cut down to that extent?

**श्री जार्ज फरनेंडीज** (बम्बई-दक्षिण) : सभापति महोदय, मैं तो हमेशा से यह कहता आया हूं कि नौकरशाही और भ्रष्टाचार इन दो बुनियादी करणों की वजह से सार्वजनिक क्षेत्र के हर एक उद्योग, धन्धे में, या करीब करीब हर एक उद्योग धन्धे में हमेशा नुकसान होता रहा है। यह भ्रष्टाचार और नौकरशाही ही यहां सारा बिगाड़ करने का काम कर रहे हैं। अभी अभी एक उदाहरण ऐसा हमारे सामने आया कि सरकार जो फर्टिलाइजर कारपोरेशन चलाती है जिस में 10 करोड़ से ज्यादा रुपये लगे हैं, उस में कई वर्षों तक चेअरमैन और मैनेजिंग डाइरेक्टर, जो बी० सी० मुकर्जी नाम के व्यक्ति थे, जो कि ट्राम्बे फर्टिलाइजर कारपोरेशन को बिगाड़ने का काम करते रहे, उन को सरकार महीने में 5 या 10 हजार रुपया तन्ख्वाह दिल्ली में बिठला कर दे रही है, रिटायरमेंट के बाद। इस तरीके से जो भ्रष्टाचार और नौकरशाही चलती है, मैं समझता हूं कि जो बड़े कारपोरेशन बनाये जाते हैं और उन का जो केन्द्रीयकरण होता है उस में उसे ज्यादा प्रोत्साहन मिलता है। दिल्ली में फर्टिलाइजर कारपोरेशन का हेडक्वार्टर है और पांच केन्द्रों में उस के पांच कारखाने हैं। हर हफ्ते उन के मैनेजिंग डाइरेक्टर और छोटे बड़े अफसर दिल्ली की यात्रा करते रहते हैं और यहां खूब मौज मजे में रहते

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

हैं तथा सरकार का पैसा वह गलत ढंग से इस्तेमाल करने का काम करते हैं ।

इस लिये में मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं, जब हिन्दुस्तान स्टील के बारे में यह बहस चल रही है, कि जो केन्द्रीयकरण करके बनाया हुआ कारपोरेशन है उस का विकेन्द्रीकरण करके हर एक स्टील यूनिट को एक अलग कारपोरेशन या कम्पनी बना करके जो वहां के ही रहने वाले लोग हैं और उन को चलाने वाले लोग हैं उन के हाथों में उन कारखानों की व्यवस्था दी जायेगी और केन्द्रीकरण करके जो भ्रष्टाचार और नौकरशाही को चलाने का काम है उस को बन्द किया जायेगा ? मैं जानना चाहता हूं कि इस सुझाव के बारे में क्या कोई वक्त की मर्यादा लगा कर—यह नहीं कि सोचा जायेगा, वक्त की मर्यादा लगा कर—मंत्री महोदय उसको स्वीकार करने के लिये तैयार हैं ?

**इस्पात, खान तथा धातु मन्त्री (डा० चन्ना रेड्डी)** : सभापति महोदय स्टील प्रोजेक्ट्स के लासेज के सिलसिले में और जो सारी बातें बतलाई गईं उनके सम्बन्ध में मैं चन्द बातों की वजाहत जो थोड़ा समय है उसमें करने की कोशिश करूंगा । अभी इससे पहले जून में एक सवाल के सिलसिले में तफसीलात मैंने हाउस के सामने रखने की कोशिश की और उसके बाद कुछ मजीद तफसीलात में आज रखूंगा ।

पहली बात तो यह कि हमारे स्टील प्रोजेक्ट का कंसेप्शन पब्लिक सेक्टर में ठीक नहीं है । यह एक मतभेद की बात हो सकती है लेकिन हमारे इस देश में और दुनिया में कई इस किस्म के देश हैं जहां यह पूछा जा सकता है कि स्टील को पब्लिक प्रोजेक्ट के तौर पर पब्लिक सेक्टर में लेकर खोलने की आवश्यकता क्या है । पहला बुनियादी तौर पर जो मतभेद है वह यह कि हम ने कोई लगभग एक हजार करोड़ तक इसमें इन्वेस्ट किया और उसकी वजह से हमें कोई फायदा नहीं हुआ इसमें मुसलसल लास होता जा रहा है । उस सिलसिले में एक बात साफ कर देना चाहता हूं । हजार करोड़ जो रखा गया है उसमें से पिछले चन्द सालों में सात सौ या नौ सौ करोड़ रुपये का स्टील बनाया गया है । अगर हम इस स्टील को न बनाते तो फिर बुनियादी तौर पर पूरा इम्पोर्ट करना पड़ता और उसके लिये हमें फारेन एक्सचेंज खर्च करना पड़ता । यह जो चीज है यह देश हित में न होती ।

**18.00 hrs.**

हमारी इकोनोमी और हमारी रोजमर्रा की जिन्दगी के लिए बाज चीजें ऐसी होती हैं कि उन चीजों को हम उसी तरीके से रिटर्न्स और रिम्युनरेटिव तरीके से नहीं चला सकते हैं उनको वैसे चलाना मुश्किल हो जाता है । मैं समझता हूं कि जहां तक स्टील प्राजैक्ट्स का सम्बन्ध है उनके अन्दर भी इस किस्म की एक खास बात है ।

हां, यह जरूर है कि हम कास्ट आफ प्रोडक्शन को कम करें और जो दूसरी खराबियां हैं उनको दूर करें । यह बिल्कुल सही भी है । उसके लिए जो सुझाव दिये गये हैं या दिये जाते हैं उन पर अमल करने की मैं और मेरी मिनिस्ट्री की तरफ से जितनी की कोशिशें हो सकती है की जायेगी और ऐसा करना हमारा फर्ज भी है ।

मेरे आनरेबल दोस्त श्री द्विवेदी साहब को एक बात की शिकायत मालूम होती है । मैं आंध्र से आता हूं । वह समझते हैं कि मुझ को इस मिनिस्ट्री में इम्पोर्ट किया गया है । मैं नहीं आता तो और भी कोई आदमी किसी दूसरी स्टेट से आ सकता था उड़ीसा से या कहीं और से किसी न किसी को इस मिनिस्ट्री में आना ही पड़ता । मैं समझता हूं कि इस तरह से हम को सोचना नहीं चाहिये ।

जिस वाके की तरफ उनका इशारा था उसको मैं साफ कर देना चाहता हूं । तमाम प्राजैक्ट्स में जो प्राविंसिस के लोग होते हैं उनकी भलाई के काम करने की कोशिश की जाती है । मैं भिलाई और दूसरी तमाम

प्राजैक्ट्स की बात कर रहा हूं । यहां भी उनके स्कूलों और उनकी कल्चरल एक्टिविटीज के लिये बराबर ध्यान दिया जाता है उसको प्रोत्साहन दिया जाता है । इस तरह के कामों को करने के लिये मुझे उड़ीसा या राउड़केला जाने की जरूरत नहीं है । अगर मैं वहां जाता हूं तो इंस्पैक्शन के लिए जाता हूं । जो जमीन देने का फैसला हुआ है वह जनरल मैनेजर ने किया है वह किसी भी तरह से मेरे हुक्म से नहीं हुआ है । मैं मानता हूं कि वहां उड़ीसा में खास तौर पर कोई खास बैकग्राउंड है जिसकी तरफ मैं इतने थोड़े से समय में जाना नहीं चाहता हूं । हमारे दोस्त का भी वहां इनफ्लुएंस है । सुना है कि वह लेबर आर्गनाइजेशन के प्रेजीडेंट भी हैं । मैं उनसे प्रार्थना करता हूं कि वह इस मामले में दिलचस्पी लें और तमाम जो भी इस किस्म की चीजें हैं उनको दिलाने की कोशिश करें। तमाम प्रान्तों के जो भी लोग हैं उनको सुविधायें देने के लिये बराबर वह अगर मजदूर संघों की तरफ से सुझाव देंगे तो, उन सुझावों पर अमल कराने की कोशिश के लिये मैं बिल्कुल तैयार हूं ।

जहां तक पब्लिक अंडरटेकिंग्ज की रिपोर्ट्स का सम्बन्ध है उस कमेटी के चेयरमन श्री तिवारी जी ने चार, पांच रोज पहले अपने तौर से तमाम मिनिस्ट्रीज को एक रेफ्रेंस भेजा है और उस रेफ्रेंस को मेहरबानी करके उन्होंने मुझे भी भिजवाया है । मैंने उनको फौरन जवाब दे दिया है और आश्वासन भी दे दिया है । उस आश्वासन को में यहां दोहराना चाहता हूं । मैं कहना चाहता हूं कि जो भी उनकी कमेटी की रिकोमेंडेशंज अनइम्प्लेमेंटिड हैं या जो भी पैंडिंग हैं उन पर गौर करके जल्दी से जल्दी उनके पास रिपोर्ट मिनिस्ट्री की तरफ से भेजने की कोशिश की जायेगी । में मानता हूं कि पब्लिक अंडरटेकिंग्ज कमेटी से और उसकी रिपोर्ट्स से हम सब को लाभ उठाना चाहिये । उसके तजुब से जिन तफ्सीलात में वह जाती है और जो फैसले करती है उनसे फायदा उठाना चाहिये, उनसे गुरेज करना गलत बात है ।

मेहताब कमेटी का भी यहां जिक्र किया गया है । यह सही है कि मेहताब कमेटी ने बहुत अच्छी रिपोर्ट दी है । उसके बारे में क्या-क्या स्टेप लिये गये हैं किस-किस सुझाव पर अमल किया गया है, उन सारी डिटेल्ज में जाना मेरे लिये इस वक्त मुश्किल है । लेकिन इतना मैं जरूर कहूंगा कि मेहताब कमेटी की रिकोमेंडेशंज पर जो ऐक्शन लिया जा रहा है वह सदन को उसी तरह से बता दिया जायेगा जिस तरह से पांडे कमीशन की रिपोर्ट के बारे में तफ्सील के साथ बताया गया था । जिन लाइंज पर पांडे कमेटी की रिकोमेंडेशंज को हम इम्प्लेमेंट कर रहे हैं और जिस तरह से उसके बारे में तफ्सील से हाउस को बताया जा चुका है उसी तरह से जल्दी से जल्दी मेहताब कमेटी की रिपोर्ट के बारे में बताने की कोशिश मैं करूंगा ।

अब मैं लो ग्रेड कोल के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । लो ग्रेड कोल की सप्लाई का काम आज जिस ढंग से हो रहा है उसमें कुछ जरूर दुश्वारियां हैं, उससे कुछ नुक्सान जरूर हो रहा है । बहुत से लोग कोल सप्लाई करते हैं । लेकिन इसमें थोड़ी सी गलतफहमी जरूर है । कोल की सप्लाई के सिलसिले में गवर्नमेंट ने ज्वायंट सैम्पलिंग आफ कोल फ्राम दी प्वाइंट आफ डैस्टीनेशन रखा था । लेकिन उस वक्त सारे कोल प्रोड्यूसर्स उसमें शरीक नहीं हुए । जैसे कि जिक्र होता है उसको कायम कर सकते हैं । जहां तक सीम की जांच करने का सम्बन्ध है हिन्दुस्तान स्टील के कोई अफसर इसको नहीं करते हैं, यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है । कोल कंट्रोलर के अफसर जो कि इंडिपेंडेंट अफसर हैं वे इस काम को करते हैं । यह कोल कंट्रोलर का कहना है कि सीम की जांच की रिपोर्ट फ्यूल रिसर्च स्टेशंज से मंगाने में काफी देर

[डा० चेन्ना रेड्डी]

ला रही है जिसकी वजह से यह मुश्किल हो रही है। अभी तो कोल का डिकंट्रोल हो गया है। अब एच० एस० एल० और गवर्नमेंट माइनिंग मिनिस्ट्री के कोओप्रेशन से इस बात को देखेगी कि क्या ज्वायंट सैम्पलिंग की बिना पर कोल सप्लाई ली जा सकती है ? में इसको भी मानता हूं जैसा कि आनरेबल मैम्बर ने बताया है कि बाज ऐसे लोग हैं जोकि बाहर से कोल ले कर इनफीरियर ग्रेड सप्लाई करने की कोशिश करते हैं। इस तरह से हुआ भी है यह में मानता हूं। मेहताब कमेटी की रिपोर्ट में भी इस बात का जिक्र है।

हमारे स्टील प्लांट के अन्दर और यनिट बन रहे हैं। फर्टिलाइजर प्लांट राउड़केला में है। उसमें कैलशियम अमोनियम नाइट्रेट बनता है। उसकी जहां कैपेसेटी 5 लाख 80 हजार थी उसके मुकाबले में लास्ट यीअर सिर्फ 1 लाख 68 हजार 236 टन ही बना। इसकी वजह यह है कि वहां एक हम ने नाफ्ता स्टीम रिफामिंग प्लांट रखा है। वह कायम नहीं हो सका। वहां कोक ओवन गैस हाइड्रोजन कंटेंट के बारे में पहले एक रिपोर्ट आई थी। उसकी बिना पर इस प्लांट को रखा था। वह गलत निकला। इस वास्ते नाफ्ता रिफामिंग प्लांट रखने के लिये जा रहे हैं। इसके लिये आार्डर्ज प्लेस किये गये हैं और यह 1968-69 में कम्प्लीट होगा। जब यह फुल कैपेसिटी में आयेगी तो फुल कैपेसेटी की प्रोडक्शन करने का हम काम कर सकेंगे।

और भी बहुत सी बातें उठाई गई हैं। इनवेंटरीज के बारे में में कुछ कहना चाहता हूं। प्राइवेट सैक्टर की फिगर्ज कम्पैरिजन के लिये मेरे पास नहीं हैं। पब्लिक सैक्टर के जो मुख्तलिफ सैक्टर हैं उनकी जो फिगर्ज हैं उनमें से एक चीज में बतलाना चाहता हूं। मुख्तलिफ यूनिट्स की 36 महीनों की कैपेटी की इनवेंटरी मौजूद है। उसमें हिन्दुस्तान स्टील भी है। मेरे पास 26 यूनिट्स की हैं। एनुअल रिपोर्ट आन दी वर्किंग आफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्ज आफ दी सैंट्रल गवर्नमेंट 1965 . . . .

**Shri S. S. Kothari:** May I point out that I have actually worked out the comparative figures for some of the inventories in each of these three plants under Hindustan Steel and the Indian Iron and Tata Iron, and I can assure you that on the basis of the figures worked out by me last year—a part of which has also been mentioned in the Auditor's Report on the commercial undertakings—that the accumulation of stock in your Hindustan Steel is far more than in the other two plants, Indian Iron and Tata's. You can compare it on any basis.

डा० चन्ना रेड्डी : मैंने अभी जैसे अर्ज किया हूं मेरे पास इस वक्त प्राइवेट सैक्टर की फिगर्ज हैं। लेकिन . . . . .

**Shri S. S. Kothari:** Last year's figures.

**Dr. Chenna Reddy:** I will take note of them and I will have them examined. But as far as the material that is available, I am just placing them before the House. Hindustan Steel has about eight months' stock—I am not trying to defend or I am not saying that it is very good—as against 36 months' stock in other organisations. I think this figure is not good. But even this, I am prepared to....

**Shri S. K. Tapuriah** (Pali): That shows how efficient you are!

**Mr. Chairman:** You cannot have any discussion about his figures and your figures now. Let him be allowed to continue his reply.

**Shri S. S. Kothari:** His figures are not correct. It is a fantastic figure.

**Dr. Chenna Reddy**: I am referring to the Annual Report of the working of commercial and industrial undertakings, page 89, Table XIV.

**Shri Ranga** (Srikakulam): In any case, the other things do not cost so much. Here, it is crores of rupees.

**Shri Surendranath Dwivedy:** Why should you have eight months' stock? He should explain He should not set a bad example.

**Dr. Chenna Reddy:** I can apprecite the anxiety of hon. Members. I made it perfectly clear. I said it in Urdu and Shri Ranga particularly, has obviously not understood it. I never said I am very proud of the record or that I am more than satisfied. I only said the figures that I had. I would just lay my hand on this book. What Mr. Kothari had said, I immediately appreciated it and said that it would be the first duty of my Ministry to look into those details and see how best we could improve the position and reduce them to the minimum extent On that point, I am absolutely clear.

**सभापति महोदया** : दो, तीन मिनट में ख़त्म करिये ।

डा० चेन्ना रेड्डी : अभी यह कहा गया है कि लेबर मैनेजमेंट के लिए हमको इंसैंटिव रखना चाहिये । यह बिल्कुल सही है कि अभी हमारे लेबर के ताल्लुक़ से उनके काम के लिहाज से प्रोडक्शन का ताल्लुक करके कुछ छोटे पैमाने पर इंडिविजुएल वर्कर के लिए ही नहीं बल्कि ग्रुप्स ग्राफ वर्कर के लिए प्रोडक्शन को और इंसैंटिव को जोड़ कर अभी यह सब काम किया जा रहा है और जिसका कि ऐक्सटेंशन दूसरी लैबिल्स पर बराबर करेंगे । उसके साथ साथ उन पर जिम्मेदारी फिक्स करके, जहां काम नहीं करते हैं उनके खिलाफ़ सीरियसऐक्शन लेने का यह काम होना चाहिए । इस सिलसिले मे मैं हाउस को बतलाना चाहूंगा कि अभी दुर्गापुर स्टील प्लांट में दो, तीन टौप आफिशिएल्स की सर्विस टर्मिनेट करने के लिए डिसीशन लेना पड़ा । इस लिहाज से गवर्नमेंट उस रुख में सोच रही है और उसको इस तरीके से पूरी करने की कोशिश करेगी ।

अभी यह कहा गया है कि इस में ओवरस्टाफिंग है । अब जहां तक ओवर स्टाफ़ के सवाल का ताल्लुक़ है मैं आनरेबुल हाउस के सामने चन्द फैक्ट्स को रखूंगा । मैं भी इस इम्प्रैशन में हूं और मैं यह मानता हूं कि हमारे पास ओवरस्टाफ़ है । मेरे पास पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की स्टील इंडस्ट्री की बाबत अलग अलग फीगर्स मौजूद हैं और वह मैं हाउस के सामने रखना चाहूंगा । प्रोडक्टिविटी ग्रौफ़ 100 इनगोट टंस पर मैन पर इयर 20,000 भिलाई का होना चाहिए, इसी तरह से टिस्को मे 20,000 चाहिए उसके मुकाबिले मे आज भिला में 24981 है ।

This is a bad figure, I straightway concede. I am not trying to take shelter behind complancency. In TISCO it is 29,452 In IISCO it is 10,000. Against that, they have 14,678.

**Shri D. N. Patodia:** Have you accounted for the man-power needed for the new machinery in your plants and the old machinery in TISCO?

**Dr. Chenna Reddy:** The yardstick has been taken as productivity of 100 infiot tonnes per man-year.

**Shri D. N. Patodia:** How can you take yardstick? You have to take into account the efficiency of the modern machines as compared to old machines.

**Dr. Chenna Reddy:** That holds good for both the public and private sectors. (*Interruptions*).

उसके बाद हमारे श्री आनरेबुल मेम्बर जार्ज फरनेन्डीज़ ने बाज चीज कही । बी० सी० मुकर्जी का जिक्र किया लेकिन समय की कमी

[डा० चेन्ना रेड्डी]

के कारण मैं उनसे इस वक्त डिटेल में नहीं जा सकता । उनका ऐसा कहना है कि हमारे ग्राफिसर्स सेंट्रलाइज होने की वजह से हिन्दुस्तान स्टील के बहुत से लोग मिल-जुल कर यहां ग्राते हैं, तफरीह करते हैं ग्रौर गवर्नमेंट का पैसा खर्च करते हैं ग्रौर उसमें काफ़ी फिज़ूलखर्ची होती है । मैं ग्रपने दोस्त से एक चीज ग्रर्ज करना चाहता हूं कि हमारे हिन्दुस्तान स्टील की जो सेंट्रालाइज्ड ग्रार्गेनाइजेशन है वह रांची में है ग्रौर यहीं किसी को ग्रौर खास तौर से मेम्बरों तथा ग्रफसरों को यहां दिल्ली में ग्राने की कोई ग्रावश्यकता नहीं रहती है । मगर उन्होंने एक ग्रच्छा सुझाव रक्खा जो कि बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण बात है ग्रौर वह यह कि क्या इस तरीके के स्टील प्लांट को सैंट्रलाइज्ड तरीके से एक ही कारपोरेशन में रक्खा जाय या इनको तोड़ कर ग्रलग ग्रलग युनिट्स बना कर इस तरीके से काम किया जाय । एक कमेटी कायम करने की जो बात है उस सवाल पर तो मैं नहीं कह सकता लेकिन वह चीज गवर्नमेंट के सामने है । इस मसले पर सोचा जा रहा है ग्रौर कैबिनेट की पी० पी० ई० कमेटी है उसमें मिनिस्ट्री की तरफ़ से मैंने कुछ प्रपोजल्स भी दिये हैं । वह प्रपोजल्स ग्रंडर कंसिडरेशन हैं ।

एक सुझाव श्री रणधीर सिंह ने दिया कि ग्रगर ग्रापके पास एफिशिएंट मैनेजमेंट नहीं है तो क्यों नहीं ग्राप प्राइवेट सेक्टर से या कहीं से जहां से भी एफिशिएंट लोग ग्रापको मिल सकें, उनको डुपुटेशन वगैरह पर ग्रपनी इन पबलिक सेक्टर इंडस्ट्रीज में ले लें। सरकार के सामने इन पबलिक सेक्टर इंडस्ट्रीज को कामयाब बनाने का एक चैलेंज है ग्रौर उसका पूरा इरादा पबलिक सैक्टर इंडस्ट्रीज को को कामयाब बना कर दिखाना है । इस बात को पबलिकली भी मैं कई दफ़े कह चुका हूं कि गवर्नमेंट के सामने यह मामला पेश है ग्रौर इस बात पर कंसिडरेशन किया जा रहा है कि ग्रपनी पबलिक सेक्टर की यूनिट्स को कामयाब बनाने के लिए हमको कहीं से भी ग्रच्छे, एफिशिएंट ग्रौर एक्सपीरियेंस्ड लोग मिल सकते हैं तो उन्हें हम ले लें । इतना ही नहीं इस सिलसिले में हमको ग्रगर कुछ रिलैक्शन ग्रौफ़ कंडिशंस ग्रौफ़ सर्विस भी करना पड़े तो वह भी हम कर दें । हमारा सैकैंड लाइन ग्रौफ़ कैडर ग्राज डेवलप हुग्रा है क्योंकि ग्रल्टीमेटली तमाम पबलिक सैक्टर जो ग्राज डे ऐक्सपैंडिंग स्टेज में है उस में उन की ग्रावश्यकता होगी । ग्रभी हमको डिफकल्टी जरूर है लेकिन हमने इस तरीके से भी सोचा है कि यह सिर्फ स्टील प्लांट का ही सवाल नहीं है बल्कि तमाम पबलिक सैक्टर का सवाल है ग्रौर गवर्नमेंट इज ए होल इस बात को सोच रही है ग्रौर जहां तक मेरा ताल्लुक है मैं इस बात पर बिलकुल सहमत हूं कि हमको कंडिशंस ग्रौफ़ सर्विस का रिलैक्सेन करके जो भी ग्रच्छे किस्म के काम करने वाले हैं उनको यह पबलिक सैक्टर के मैनेजमेंट ग्रादि का काम सुपुर्द करने के लिए हमको तैयार होना चाहिए ।

यहां पर कुछ ग्रौर भी बातें कही गई हैं लेकिन चेग्ररमैन साहब मैं वक्त की कमी की वजह से उनको नहीं ले रहा हूं लेकिन उन बाकी सभी बातों पर गवर्नमेंट बराबर ध्यान रखेगी ग्रौर उनके बारे में गौर करेगी ।

हिन्दुस्तान स्टील के लौसेज के बारे में एक चीज बतला कर मैं खत्म करूंगा । ग्रभी हिन्दुस्तान स्टील की कौस्ट ग्राफ़ प्रोडक्शन के बारे में हमारी ग्राम तौर पर फीलिंगज है कि यहां पबलिक सेक्टर यूनिट्स में बड़ा ज्यादा खर्चा ग्राता है । ग्रापको एक चीज मालूम है कि हमारा बेसिक खर्चा ग्रौर मशीनरी चूंकि ग्रभी ग्रभी हाल में ग्राई है एक ग्रानरेबुल मेम्बर ने भी कहा कि जब जापान में इतनी दूर से रा मैटीरियल इम्पोर्ट करने से भी ग्रच्छा काम होता है तो फिर हमारे यहां क्यों नहीं हो पाता है ? हमारे यहां भी वर्क एफिशिएंटली

होना चाहिए । एक बुनियादी चीज़ यह है हम फौरेन कंट्रीज़ से इम्पोर्ट करके मशीनरी बनाने का काम कई सालों से कर रहे हैं । बाकी धीरे-धीरे यह जो बाहर से मशीनरी लाने का काम है उसको हम काफी कम कर चुके हैं । अभी 69 परसेंट तक हमारे पास यह फैबरिकेशन कैपेसिटी है । मैं मानता हूं कि उसके आंकड़े देखने के बाद कम से कम हमें इतमीनान होता है कि जब हम पूरी चीज़ें अपने मुल्क में करेंगे तो उसका बड़ा अच्छा एकोनामिक असर पड़ेगा ।

जहां तक कौस्ट का सवाल है एवरेज कैप्टिल ब्लाक (सेलेबुल स्टील ओनली) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड का करीब 2500 रुपये पर टन था जब कि 1176 रुपये पर टन का ब्लाक आम तौर पर टिस्को के ब्लाक पर था लेकिन आज जो मौजूदा कौस्ट का उसी सिमिलर इक्विपमेंट को ऐक्वायर करने में पहली की कौस्ट से कोई तुलना नहीं की जा सकती है । आज हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के वास्ते सिमिलर इक्विपमेंट मंगाने में ज्यादा कीमत दी गई है । इसलिए टिस्को ब्लाक पर कोई प्राइस अगर बेस की जाती है हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के लिए तो वह हिन्दुस्तान स्टील की प्राफिटिब्लीटी के लिहाज़ से काफ़ी एडवर्स होगी । जाहिर है कि इस स्कीम ऑफ़ प्राइसेंज़ में प्राविजन फोर कैप्टिल रिलेटेड चार्जेज़ बहुत नाकाफ़ी है कि वह ऐक्चुअल चार्जेज को कवर कर सके जो कि एच० एस० एल० को अपने हायर कैप्टिल ब्लाक के कारण करना पड़ता है । मैं प्रोफेसर रंगा साहब से अर्ज करना चाहता हूं कि यह अभी टिस्को और इस्को जो ऐक्सपैंशन कर रहे हैं वह भी उसी कीमत पर कर रहे है बल्कि मेहताब कमेटी की फीगर्स के मुताबिक हिन्दुस्तान स्टील की फीगर्स कुछ कम ही हैं । जैसा मैंने कहा इस प्राइस में टईम का फैक्टर वर्क कर रहा है और इस वजह से कुछ ज्यादा कीमत का असर हम पर पड़ता है ।

इसके अलावा मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि जहां तक पर्सनल ऐक्सपेंडीचर का सवाल है एच० एस० एल० में 11.5 परसेंट है टिस्को में 17 परसेंट है इस्को में भी 17 परसेंट है ।

जहां तक डैप्रीसिएशन का ताल्लुक है जिसे हमारा लास कहा जाता है उसमें हमने कोई 625 करोड़ रुपया इन चन्द सालों के अन्दर बतौर डैप्रीसिएशन के और बतौर इंटरेस्ट के हमने गवर्नमेंट को दिया जो कि प्लान रिसोर्सेज में इस्तेमाल हो रहा है । इस तरह से आप अन्दाज लगायें तो डैप्रीसिएशन में 15.8 परसेंट एच० एस० एल० को बियर करना पड़ता है 7.7 परसेंट टिस्को को और 5 परसेंट इस्को को बियर करना पड़ता है । इंटरेस्ट जाकर होता है 6.9 परसेंट जो कि हम पे कर रहे हैं/1.7 टिस्को पे कर रहा है या इस्को 1.3 परसेंट पे कर रहा है ..... (व्यवधान)

**Mr. Chairman**: This is only a half-an-hour discussion. We cannot have a full debate now.

**डा० चन्ना रेड्डी** : बस चेयरमैन महोदया, मैं और आगे नहीं कहूंगा हालांकि कहना अभी बाकी रहता था । मेरे पास और भी फीगर्स थे इन पबलिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर के प्रोडक्शन के बारे में मैं उनको पेश करके बतला सकता था लेकिन चूंकि वक्त काफी हो चुका है इसलिए मैं उन तफसीलात में इस वक्त नहीं जाऊंगा और मैं आपके जरिए तमाम मेम्बरों को धन्यवाद देते हुए यक़ीन दिलाना चाहूंगा कि उन्होंने जो भी अपने सूझाव इस मौके पर दिये हैं उन पर मैं पूरी तरह से गौर करके अमल करने की कोशिश करूंगा ।

**18.18 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, July 27th, 1967/Sravana 5, 1889 (Saka)*

GMGIPND—LS II—1698 (Ai) LSD—29-3-68—1010